# बैंक व आईटी से बाजार को दम

## बेंचमार्क सूचकांकों में तीसरे दिन भी बढ़त, निफ्टी फिर 25 हजार के पार

**बीएस संवाददाता और रॉयटर्स**
मुंबई, 6 अक्टूबर



बेंचमार्क सूचकांकों में सोमवार को लगातार तीसरे दिन तेजी रही और निफ्टी 50 इंडेक्स करीब दो हफ्तों के बाद 25,000 के ऊपर बंद हुआ। मजबूत तिमाही अपडेट के बाद बैंक और वित्तीय शेयरों में तेजी आई जबकि सितंबर के नतीजों से पहले सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) शेयरों में बढ़त रही।

निफ्टी 50 इंडेक्स 183 अंक यानी 0.74 फीसदी चढ़कर 25,077.65 पर पहुंच गया। इस तरह इसकी तीन दिन की बढ़त 1.9 फीसदी पर पहुंच गई। इस बीच, बीएसई सेंसेक्स 593 अंक यानी 0.72 फीसदी बढ़कर 81,790 पर पहुंच गया। सबसे ज्यादा भार वाले एचडीएफसी बैंक में 0.9 फीसदी की वृद्धि हुई जबकि सितंबर तिमाही में ऋण वितरण में मज़बूत वृद्धि दर्ज करने के बाद कोटक महिंद्रा बैंक में 2 फीसदी का इजाफा हुआ।

बजाज फाइनैंस ने घोषणा की है कि जुलाई-सितंबर तिमाही के दौरान उसकी प्रबंधनाधीन परिसंपत्तियों में सालाना आधार पर करीब 24 फीसदी की वृद्धि हुई है। इसके बाद कंपनी के शेयरों में 1.9 फीसदी का इजाफा हुआ।

सैंक्टम वेल्थ में निवेश प्रोडक्ट्स के प्रमुख आलेख यादव ने कहा कि बैंकों और वित्तीय संस्थाओं से प्राप्त तिमाही कारोबारी अपडेट से आय में क्रमिक सुधार की उम्मीदों की पुष्टि होती है। दूसरे एशियाई और उभरते बाजारों की तुलना में बेंचमार्क सूचकांकों के कमजोर प्रदर्शन के बाद उनके मजबूत प्रदर्शन की उम्मीद बंधती है।

16 प्रमुख सेक्टर सूचकांकों में से 12 में तेजी रही। निजी बैंकों और वित्तीय सेक्टरों में क्रमशः 1.2 फीसदी और 1.1 फीसदी की वृद्धि हुई। आईटी सूचकांक 2.3 फीसदी चढ़ा और इस तरह से तीन सत्रों में उसकी बढ़ोतरी 3.2 फीसदी पर पहुंच गई। अमेरिकी श्रम बाजार और एच-1बी वीज़ा शुल्क वृद्धि की चिंताओं के कारण इसमें गिरावट आ गई थी जिससे यह उबर गया।

ऐक्सिस सिक्योरिटीज के विश्लेषक कुबेर चौहान और अभिषेक भालोटिया ने कहा कि मांग में स्थिरता के कारण कंपनी की आय में कमी की संभावना है। लेकिन हाल में कीमतों में गिरावट से निवेशकों के लिए आकर्षक जोखिम-प्रतिफल की उम्मीदें जगी हैं और भाव ज्यादा सही हो गए हैं।

मिडकैप और स्मॉलकैप सूचकांक क्रमशः 0.9 फीसदी और 0.3 फीसदी चढ़े। अलग-अलग शेयरों में फोर्टिस हेल्थकेयर में 7 फीसदी की वृद्धि हुई और यह तब रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गया, जब बाजार नियामक ने मलेशिया की आईएचएच हेल्थकेयर को फोर्टिस और उसकी इकाई मलार में अतिरिक्त 26.1 फीसदी हिस्सेदारी खरीदने की मंजूरी दे दी। इसके विपरीत, सितंबर तिमाही में अपेक्षा से कम राजस्व वृद्धि के कारण खुदरा विक्रेता ट्रेंट के शेयरों में लगभग 1 फीसदी की गिरावट आई।

अमेरिकी खाद्य एवं औषधि प्रशासन ने ल्यूपिन के पीथमपुर यूनिट-2 विनिर्माण संयंत्र को नियामकीय या प्रशासनिक कार्रवाई की आवश्यकता वाले क्षेत्र के रूप में वर्गीकृत किया है। इसके कारण ल्यूपिन के शेयरों में 1.8 फीसदी की गिरावट आई।

जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, निवेशक अब वित्त वर्ष 2026 की दूसरी तिमाही की आय की ओर देख रहे हैं। हालांकि उम्मीदें मद्धम हैं लेकिन उपभोक्ता मांग में वृद्धि के कारण तीसरी तिमाही के परिणामों को लेकर आशावाद बढ़ रहा है।

नीचे की ओर, 25,000-24,950 समर्थन के अहम स्तर होंगे जबकि 25,150 और 25,200 तेजड़ियों के लिए प्रतिरोध के तात्कालिक स्तर हो सकते हैं।

# सोना 1.23 लाख रुपये के पार, चांदी भी उछली



**राष्ट्रीय** राजधानी में सोमवार को सोने की कीमतें 2,700 रुपये की छलांग लगाते हुए 1,23,000 रुपये के नए शिखर पर पहुंच गईं। यह उछाल विदेशी बाजारों में सुरक्षित निवेश की मांग और रुपये में कमजोरी के कारण आया। अखिल भारतीय सराफा संघ ने बताया कि स्थानीय बाजार में 99.9 फीसदी शुद्धता वाला सोना उछलकर 1,23,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पर पहुंच गया। इस तरह पीली धातु के भाव में एक ही कारोबारी सत्र में 2,700 रुपये प्रति 10 ग्राम की जबरदस्त तेजी दर्ज की गई। शुक्रवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 1,20,600 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। स्थानीय सराफा बाजार में 99.5 फीसदी शुद्धता वाले सोने की कीमत 2,700 रुपये बढ़कर 1,22,700 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गई। यह पिछले सत्र में 1,20,000 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।

कारोबारियों ने कहा कि अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये की कीमत में आई गिरावट ने इस तेज उछाल में बड़ी भूमिका निभाई। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा, सोना नए रिकॉर्ड पर पहुंचा है क्योंकि निवेशक अब भी इस कीमती धातु में दिलचस्पी बनाए हुए हैं। उन्हें भविष्य में इसके दाम और भी बढ़ने की उम्मीद है।

गांधी ने कहा कि अमेरिका में वित्तीय प्रावधान न होने से सरकारी कामकाज लंबे समय तक ठप होने की आशंका से आर्थिक प्रदर्शन चिंता का विषय बना हुआ है। इस वजह से सुरक्षित निवेश के रूप में सोने की मांग बढ़ रही है।

इस साल अब तक सोने की कीमतों में 51,350 रुपये प्रति 10 ग्राम यानी 65.04 फीसदी की तेजी देखी गई है। सोने का भाव दिसंबर, 2024 में 78,950 प्रति 10 ग्राम पर था। सोने की तरह चांदी की कीमतों में भी जोरदार बढ़ोतरी दर्ज की गई। यह 7,400 रुपये उछलकर 1,57,400 रुपये प्रति किलो (सभी करों सहित) के नए उच्च स्तर पर पहुंच गई। शुक्रवार को चांदी की कीमत 1,50,000 रुपये प्रति किलो थी। चालू वर्ष में चांदी की कीमतें 67,700 रुपये यानी 75.47 फीसदी बढ़ चुकी हैं।

अंतरराष्ट्रीय बाजारों में हाजिर सोना करीब 2 फीसदी बढ़कर 3,949.58 डॉलर प्रति औंस के नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। वहीं चांदी एक फीसदी से अधिक की बढ़त के साथ 48.75 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गई। *भाषा*

# सितंबर तिमाही में निजी बैंकों का एमकैप घटा

**अनुप्रेक्षा जैन**
मुंबई, 6 अक्टूबर

**एसऐंडपी** ग्लोबल मार्केट इंटेलिजेंस ने कहा है कि जुलाई-सितंबर तिमाही के दौरान निजी क्षेत्र के बैंकों के बाजार पूंजीकरण में गिरावट आई है, जो सरकारी स्वामित्व वाले उनके समकक्षों की तुलना में कमजोर प्रदर्शन है क्योंकि कारोबारी अनिश्चितताओं ने बाजार की धारणा को प्रभावित किया है।

विश्लेषण के अनुसार, तीसरी तिमाही में एचडीएफसी बैंक के बाजार पूंजीकरण में 4.8 फीसदी की गिरावट आई जबकि आईसीआईसीआई बैंक के बाजार पूंजीकरण में 6.7 फीसदी की नरमी दर्ज हुई। आंकड़ों से पता चलता है कि कोटक महिंद्रा बैंक और ऐक्सिस बैंक जैसे अन्य निजी क्षेत्र के बैंकों के बाजार पूंजीकरण में भी पिछली तीन महीनों की तुलना में तीसरी तिमाही में गिरावट दर्ज की गई।

**भारतीय स्टेट बैंक ने तीसरी तिमाही में बाजार पूंजीकरण में 10 फीसदी की वृद्धि दर्ज की**

निजी क्षेत्र के लेनदारों ने अप्रैल-जून तिमाही में बाजार पूंजीकरण में बढ़ोतरी दर्ज की थी, जो ब्याज दरों में कटौती और बैंकिंग प्रणाली में उच्च तरलता के कारण संभव हुआ। कॉरपोरेट ऋण में अपेक्षाकृत अधिक निवेश करने वाले निजी क्षेत्र के लेनदारों का प्रदर्शन सरकारी लेनदारों की तुलना में खराब रहा। सरकारी बैंकों की खुदरा ऋण में हिस्सेदारी ज्यादा है, खासकर छोटे भारतीय शहरों में जहां कृषि उत्पादन और ग्रामीण मांग जैसे स्थानीय कारक बाहरी व्यापार से ज्यादा महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

ट्रंप द्वारा भारतीय वस्तुओं पर 50 फीसदी टैरिफ लगाए जाने से घरेलू शेयर बाजारों को भारी नुकसान हुआ है। भारत पर लगाए गए टैरिफ अमेरिका के प्रमुख व्यापारिक साझेदारों में सबसे ज्यादा टैरिफ में से एक हैं। निर्यातक नए बाजारों की तलाश में हैं जबकि व्यापार वार्ताकार अमेरिका-भारत समझौते के लिए संपर्क में हैं। भारत के निर्यात पर असर पड़ने की संभावना है, हालांकि भारत के कुछ वर्षों तक दुनिया की सबसे तेज़ी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बने रहने की उम्मीद है।

परिसंपत्ति के लिहाज से भारत के सबसे बड़े बैंक भारतीय स्टेट बैंक ने तीसरी तिमाही में अपने बाजार पूंजीकरण में 10 फीसदी की वृद्धि दर्ज की। सार्वजनिक क्षेत्र के अन्य बैंकों में बैंक ऑफ बड़ौदा ने 3.9 फीसदी और पंजाब नैशनल बैंक ने 2.1 फीसदी की वृद्धि दर्ज की। केनरा बैंक ने 8.3 फीसदी की वृद्धि दर्ज की। इस बीच, इंडियन बैंक ने तीसरी तिमाही में अपने बाजार पूंजीकरण में 16.7 फीसदी की वृद्धि दर्ज की, जो बाजार पूंजीकरण के आधार पर 20 अग्रणी भारतीय लेनदारों में सबसे अधिक है।

दूसरी ओर, निजी क्षेत्र के लेनदार इंडसइंड बैंक का प्रदर्शन तीसरी तिमाही में सबसे खराब रहा, जिसका बाजार पूंजीकरण 15.7 फीसदी कम हुआ और वह एक पायदान नीचे 14वें स्थान पर आ गया। मुंबई स्थित इस लेनदार ने 2025 की शुरुआत में कई लेखा संबंधी खामियों का खुलासा किया था। कुल मिलाकर 20 बैंकों में से 12 ने तीसरी तिमाही में बाजार पूंजीकरण खो दिया जबकि पिछले तीन महीनों में केवल दो बैंकों ने ही बाजार पूंजीकरण खोया था।

# टाटा कैपिटल के आईपीओ को 40 फीसदी बोली

**बीएस संवाददाता**
मुंबई, 6 अक्टूबर

**टाटा** कैपिटल का आईपीओ सोमवार को लगभग 40 प्रतिशत सबस्क्राइब हुआ। इस शेयर बिक्री में 4,200 करोड़ रुपये मूल्य के 12.9 करोड़ शेयरों के लिए बोलियां प्राप्त हुईं जबकि प्रस्तावित शेयरों की संख्या 33.34 करोड़ थी। आईपीओ के संस्थागत निवेशक वाले हिस्से को 52 प्रतिशत, एचएनआई श्रेणी को लगभग 30 प्रतिशत और रिटेल को 35 फीसदी बोलियां मिलीं। आईपीओ के लिए करीब 7,00,000 आवेदन आए।

शुक्रवार को टाटा समूह की कंपनी ने एंकर निवेशकों को 4,641 करोड़ रुपये मूल्य के 14.24 करोड़ शेयर आवंटित किए थे। ये शेयर ऊपरी कीमत दायरे 326 रुपये प्रति शेयर के भाव पर आवंटित किए गए थे। प्रमुख एंकर निवेशकों में भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) को 2.14 करोड़ से अधिक शेयरों का सबसे बड़ा आवंटन मिला जिससे लगभग 700 करोड़ रुपये की राशि निवेश हुई।

# सेबी ने पकड़ी सोशल मीडिया पर ढेर सारी भ्रामक सामग्री

**खुशबू तिवारी**
मुंबई, 6 अक्टूबर



**भारतीय** प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के चेयरमैन तुहिन कांत पांडेय ने सोमवार को कहा कि पिछले 18 महीनों में नियामक ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर 1,00,000 से ज्यादा गैरकानूनी या भ्रामक सामग्री का पता लगाया है। सेबी प्रमुख नैशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) में वर्ल्ड इन्वेस्टर वीक 2025 कार्यक्रम की शुरुआत कर रहे थे। निवेशकों में जागरूकता बढ़ाने और धोखाधड़ी पर अंकुश लगाने के अपने अभियान के हिस्से के रूप में सेबी ने कई नए उपाय शुरू किए हैं। इनमें पंजीकृत मध्यस्थों को भुगतान के लिए मान्य यूपीआई हैंडल और सेबी चेक सत्यापन टूल शामिल हैं।

नियामक अपनी पहुंच बढ़ाने और अवैध बाजार गतिविधियों पर नजर रखने के लिए राज्यों की राजधानियों और प्रमुख शहरों में स्थानीय कार्यालय भी खोल रहा है। पांडेय ने निवेशकों को उन धोखेबाजों से सावधान रहने को कहा, जो सुरक्षित निवेश के नाम पर ज्यादा जोखिम वाली योजनाओं के जरिये सतर्क बचतकर्ताओं को निशाना बनाते हैं।

पांडेय ने कहा, डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर से जहां बाजार हमारी उंगलियों पर आ गया है, वहीं उसने धोखेबाजों को निवेशकों को धोखा देने के नए साधन भी दिए हैं। मैसेजिंग ऐपों, संदिग्ध 'फ़िनफ्लुएंसरों' और फर्जी ट्रेडिंग ऐपों/वेबसाइटों पर अनचाहे संदेश ऐसा वादा करते हैं, जो हमारे बाजार कभी नहीं दे सकते यानी- गारंटीड रिटर्न।

उन्होंने भारत की कम बाजार भागीदारी दर का भी जिक्र किया और कहा कि वर्तमान में केवल 15 फीसदी शहरी और 6 फीसदी ग्रामीण आबादी ही बाजारों से जुड़ी हुई है। पांडे ने निवेशकों से अपने वित्तीय लक्ष्यों को स्पष्ट करने का आग्रह किया, खास तौर पर इसलिए कि अध्ययनों में डेरिवेटिव खंड में खुदरा को बार-बार घाटा दिखाया गया है।

पांडेय ने कहा, डेरिवेटिव हेजिंग और जोखिम प्रबंधन के लिए होते हैं, न कि तुरंत लाभ के लिए। इसलिए खुदरा निवेशकों को अपनी जोखिम क्षमता का आकलन करना चाहिए, इन अनुबंधों के काम करने के तरीके को समझना चाहिए और सटोरिया कारोबार से बचना चाहिए।

इस बीच, एनएसई ने निवेशक जागरूकता पहलों की श्रृंखला की घोषणा की, जिसमें क्विज, 40 स्थानों पर शिक्षा सत्र और इंटरैक्टिव वित्त खेल शामिल हैं, जिनका मकसकद निवेशकों को घोटालों की पहचान में मदद करना है। एनएसई के चेयरमैन का पदभार संभालने के बाद पहली बार आम लोगों को संबोधित करते हुए श्रीनिवास इंजेती ने इस बात की पुष्टि की है कि एक्सचेंज का लंबे समय से प्रतीक्षित आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) तय समय पर ही आएगा। उन्होंने कहा, हम सही रास्ते पर हैं। एनएसई की सार्वजनिक सूचीबद्धता का मकसद यह दिखाना है कि वह एक सूचीबद्ध कंपनी से जो अपेक्षाएं रखी जाती है, उन पर खरा उतरता है। यह एक मिसाल कायम करेगा। भले ही यह सूचीबद्ध न हो, लेकिन यह व्यापक स्वामित्व वाली कंपनी है और इसके लगभग 1,80,000 शेयरधारक हैं।


## उज्जीवन स्माल फाइनेंस बैंक

**सार्वजनिक नीलामी सूचना**

पंजीकृत कार्यालय: ग्रेप गार्डन, नंबर 27 तीसरा 'ए' क्रॉस, 18वां मेन, 6वां ब्लॉक, कोरमंगला, बेंगलुरु -560095
क्षेत्रीय कार्यालय : जीएमटीटी बिल्डिंग, प्लॉट नं. डी-7, सेक्टर 3 नोएडा (उ.प्र.)-201301
शाखा कोटा:- प्लॉट नंबर 6, झालवार रोड, छावनी चौराहे के पास, गुमानपुरा, कोटा - 324007
शाखा भीलवाड़ा: - प्लॉट नंबर 3 और 4, श्री महालक्ष्मी चेम्बर्स, पुर रोड (ओल्ड आर.टी. रोड), एलजी शोरूम के बगल में, गांधी नगर, भीलवाड़ा - 311001
शाखा किशनगढ़:- प्लॉट नंबर 2, अजमेर रोड, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के बगल में, पुरोहित ऑटो सर्विस, मदनगंज, मदनगंज, किशनगढ़ - 305207
शाखा कोटपूतली:- ग्राउंड फ्लोर, प्लॉट नंबर 1982, खसरा नंबर 1196, ग्राम बासडी, तहसील कोटपूतली, पी55डब्ल्यू+एमक्यू8, कोटपूतली - 303108
शाखा जोधपुर:- प्लॉट नंबर 47, महादेव टॉवर, उमराव खान पेट्रोल पंप, स्कीम एलआईजी-3, न्यू कोहिनूर सिनेमा, चौपासनी रोड, बलदेव नगर, जोधपुर - 342003
शाखा बूंदी:- प्लॉट नंबर 1, न्यू कॉलोनी, सर्किट हाउस के सामने, न्यू कॉलोनी, बूंदी - 323001
संपर्क व्यक्ति: 1. चैन सिंह गोयल:- 9950437507; 2. धीरज नीमावत:- 9602161818; 3. संजय शर्मा:- 9983365566

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के परंतुक नियम 8(6) और 9 के साथ पठित वित्तीय संपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम (सरफेसी अधिनियम) 2002 के तहत बिक्री के लिए सार्वजनिक सूचना। उज्जीवन के अधिकृत अधिकारी के रूप में अधोहस्ताक्षरी स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड ने सरफेसी अधिनियम की धारा 13(4) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नलिखित संपत्ति का कब्जा ले लिया है। विशेष रूप से कर्जदार और बड़े पैमाने पर जनता को सूचित किया जाता है कि बैंक की बकाया राशि की वसूली के लिए नीचे दिए गए खाते में बंधक संपत्ति की सार्वजनिक नीलामी ''जैसा है जहां है'' और ''जैसा है यही है'' के आधार पर नीचे निर्धारित तिथि पर आयोजित की जाएगी।

| क्र. सं. | ऋण खाता संख्या | कर्जदार/सह-कर्जदार/गारंटर के नाम | 13-2 मांग सूचना की तिथि तथा तिथि तक मांग राशि | सांकेतिक/भौतिक कब्जे की तिथि | वर्तमान बकाया शेष | सम्पत्ति के निरीक्षण की तिथि एवं समय | आरक्षित मूल्य रुपये में | जमा धरोहर राशि (ईएमडी) रु. में (आरक्षित मूल्य का 10%) | ई-नीलामी की तिथि एवं समय | संविदा जमा करने की अंतिम तिथि | ईएमडी जमा करने हेतु खाता विवरण |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 22242101 10000001 | 1. धर्मराज गुर्जर उर्फ धर्मराज पुत्र नंद किशोर उर्फ नंदकिशोर उर्फ नंद किशोर 2. कमला बाई पत्नी नंद किशोर उर्फ नंदकिशोर उर्फ नंद किशोर | 24-12-2024 रु. 4,04,687/- | 11.07.2025 | रु. 6,39,532.96/- (तिथि 19-09-2025 तक) | 21-अक्टूबर-2025 को 02:00 बजे अप. पर पूर्व अनुमति सहित | रु. 4,45,000/- | रु. 44,500/- | 29-अक्टूबर-2025, 11.00 बजे पूर्वा. से 12.00 बजे अप. | 28-अक्टूबर-2025 को 04:00 बजे अप. तक | ईएमडी उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक के पक्ष में कोटा शाखा में देय डिमांड ड्राफ्ट के माध्यम से जमा की जानी है या आरटीजीएस/एनईएफटी/आईएमपीएस के माध्यम से खाता संख्या 22011013462001, आईएफएससी UJVN0002201 पर भेजी जानी है |
| आवासीय संपत्ति की भूमि और भवन का समस्त भाग, प्लॉट संख्या शून्य (पट्टा संख्या 2879), क्षेत्रफल 713.00 वर्ग फुट, खसरा संख्या 467 में स्थित, ग्राम नारायणपुर, ग्राम पंचायत दातुंदा, पंचायत समिति हिंडोली, जिला बूंदी - राजस्थान<br>सीमाएँ: पूर्वः निजी भूमि, पश्चिमः कालू नाथ का बाड़ा, उत्तरः बाबू लाल भील का घर, दक्षिणः निजी भूमि | | | | | | | | | | | |
| 2. | 2288210 0300000 04 | 1. गोपाल गुर्जर पुत्र नारायण लाल गुड़जर 2. श्री नारायण लाल गुर्जर पुत्र दया राम गुर्जर 3. श्रीमती लाली गुर्जर पत्नी नारायण लाल गुर्जर | 15.07.2021 रु. 4,87,479/- | 08.09.2025 | रु. 5,38,059.81/- (तिथि 14.09.2025 तक) | 11-नवंबर-2025 को 02:00 बजे अप. पर पूर्व अनुमति सहित | रु. 8,93,000/- | रु. 89,300/- | 21-नवंबर-2025, 12.00 बजे अप. से 1.00 बजे अप. | 20-नवंबर-2025 को 04:00 बजे अप. तक | ईएमडी उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक के पक्ष में भीलवाड़ा शाखा में देय डिमांड ड्राफ्ट के माध्यम से जमा की जानी है या आरटीजीएस/एनईएफटी/आईएमपीएस के माध्यम से खाता संख्या 22011013462001, आईएफएससी UJVN0002201 पर भेजी जानी है |
| आवासीय संपत्ति, प्लॉट संख्या शून्य (पट्टा संख्या 10), क्षेत्रफल 1565.00 वर्ग फुट, क्षेत्रफल 1565.00 वर्ग फुट, की भूमि और भवन का समस्त भाग, गाँव मुजरा, ग्राम पंचायत कोचरिया, पंचायत समिति सुवाणा, जिला भीलवाड़ा - राजस्थान में स्थित<br>सीमाएँ: पूर्वः सार्वजनिक मार्ग, पश्चिमः खुमा/भज्जा गुर्जर का घर, उत्तरः भगवत सिंह चारण का घर, दक्षिणः पड़ोसियों का सामलाटी रास्ता | | | | | | | | | | | |
| 3. | 2227210 0400000 08 | 1. महेंद्र पाल बोहरा पुत्र पप्पू लाल बोहरा 2. चंपा पत्नी - पप्पू लाल | 27.12.2019 रु. 3,86,249/- | 19.07.2025 | रु. 7,71,018.31/- तिथि 19.09.2025 तक | 21-अक्टूबर-2025 को 02:00 बजे अप. पर पूर्व अनुमति सहित | रु. 7,93,000/- | रु. 79,300/- | 29-अक्टूबर-2025, 01.00 बजे अप. से 2.00 बजे अप. | 28-अक्टूबर-2025 को 04:00 बजे अप. तक | ईएमडी उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक के पक्ष में किशनगढ़ शाखा में देय डिमांड ड्राफ्ट के माध्यम से जमा की जानी है या आरटीजीएस/एनईएफटी/आईएमपीएस के माध्यम से खाता संख्या 22011013462001, आईएफएससी UJVN0002201 पर भेजी जानी है |
| पट्टा संख्या 09, गाँव सिंगारा, ग्राम पंचायत थाई, तहसील रूपनगढ़, जिला - अजमेर, राजस्थान में स्थित 288.44 वर्ग गज क्षेत्रफल वाली एक आवासीय संपत्ति का समस्त भाग, भवन, संरचनाएँ और उन पर किए गए सभी सुधारों सहित<br>सीमाएँ: पूर्वः 59'0'' - बंशी बावरी का प्लॉट और नेमीचंद का प्लॉट, पश्चिमः 59'0'' - जगदीश बावरी का मकान, उत्तरः 44'0'' - सड़क, दक्षिणः 44'0'' - भागचंद बावरी का मकान | | | | | | | | | | | |
| 4. | 2224210 1700000 32 | 1. शिवराज पुत्र बंशी लाल 2. ममता बाई पत्नी शिवराज | 28.12.2022 रु. 10,69,234/- | 24.08.2024 | रु. 15,68,240.81 /- तिथि 14.09.2025 तक | 21-अक्टूबर-2025 को 02:00 बजे अप. पर पूर्व अनुमति सहित | रु. 6,40,000/- | रु. 64,000/- | 29-अक्टूबर-2025, 01.00 बजे अप. से 2.00 बजे अप. | 28-अक्टूबर-2025 को 04:00 बजे अप. तक | ईएमडी उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक के पक्ष में कोटा शाखा में देय डिमांड ड्राफ्ट के माध्यम से जमा की जानी है या आरटीजीएस/एनईएफटी/आईएमपीएस द्वारा खाता संख्या 22011013462001 आईएफएससी UJVN0002201 पर भेजी जानी है |
| आवासीय संपत्ति पट्टा संख्या 12255 का समस्त भाग, क्षेत्रफल 886 वर्ग फुट, ग्राम बजाड़, तहसील तलेरा, जिला बूंदी (खसरा संख्या 386 का भाग)<br>सीमाएँ: सीमाएँ: पूर्वः पप्पू का मकान, पश्चिमः आम रास्ता, उत्तरः प्रकाश का मकान, दक्षिणः नंदकिशोर का मकान | | | | | | | | | | | |
| 5. | 2306210 1700000 39 | 1. सुनील मंडोवरा पुत्र रति राम उर्फ रति राम धोबी 2. पूनम रानी पत्नी सुनील कुमार रति राम उर्फ रति राम धोबी पुत्र बुध राम धोबी उर्फ बुद्धराम | 31.12.2024 रु. 12,50,106/- | 25.06.2025 | रु. 16,09,239.35/- तिथि 14.09.2025 तक | 21-अक्टूबर-2025 को 02:00 बजे अप. पर पूर्व अनुमति सहित | रु. 20,03,000/- | रु. 2,00,300/- | 29-अक्टूबर-2025, 01.00 बजे अप. से 2.00 बजे अप. | 28-अक्टूबर-2025 को 04:00 बजे अप. तक | ईएमडी उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक के पक्ष में कोटपूतली शाखा में देय डिमांड ड्राफ्ट के माध्यम से जमा की जानी है या आरटीजीएस/एनईएफटी/आईएमपीएस के माध्यम से खाता संख्या 22011013462001, आईएफएससी UJVN0002201 पर भेजी जानी है |
| आवासीय प्लॉट पट्टा संख्या 450 का समस्त भाग, क्षेत्रफल 958.88 वर्ग फुट, या 89.28 वर्ग मीटर, चांदनी चौक में स्थित, वार्ड संख्या 16, बहरोड़, जिला अलवर, राजस्थान<br>सीमाएँ: पूर्वः सड़क, पश्चिमः राजेश का मकान, उत्तरः किशन का मकान, दक्षिणः प्रकाश का मकान | | | | | | | | | | | |
| 6. | 2225210 1700000 51 | 1. दीपक कहार पुत्र शिवजी कहार 2. शोजी लाल पुत्र भंवर लाल 3. कमला बाई पत्नी शोजी लाल | 10.10.2023 रु. 11,10,777/- | 25.10.2024 | रु. 17,18,646.19/- (खाता संख्या 2225210170000051 के लिए) तिथि 14.09.2025 तक | 21-अक्टूबर-2025 को 02:00 बजे अप. पर पूर्व अनुमति सहित | रु. 19,27,000/- | रु. 1,92,700/- | 29-अक्टूबर-2025, 11.00 बजे पूर्वा. से 12.00 बजे अप. | 28-अक्टूबर-2025 को 04:00 बजे अप. तक | ईएमडी उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक के पक्ष में बूंदी शाखा में देय डिमांड ड्राफ्ट के माध्यम से जमा की जानी है या आरटीजीएस/एनईएफटी/आईएमपीएस के माध्यम से खाता संख्या 22011013462001, आईएफएससी UJVN0002201 पर भेजी जानी है |
| पट्टा संख्या 4296 84297 वाली संपत्ति का समस्त भाग, जिसका क्षेत्रफल 211.11 वर्ग गज, गाँव- हिंडोली में स्थित, तहसील- हिंडोली एवं जिला- बूंदी, राजस्थान<br>सीमाएँ: पूर्वः कंचन बाई 8, नाथू लाल का मकान, फोकर लाल धीर का मकान, पश्चिमः मोहन लाल कीर का मकान, उत्तरः शौकत अली का प्लॉट, दक्षिणः पुराना राष्ट्रीय राजमार्ग 1280'0'' केंद्र से | | | | | | | | | | | |
| 7. | 2224210 1700000 16 | 1. श्री राम सहाय बुलीवाल पुत्र केसरी लाल 2. श्री बलराम बुलीवाल पुत्र रामसहाय बुलीवाल | 28.10.2021 रु. 4,40,676/- | 24.08.2024 | रु. 11,14,122.31/- तिथि 14.09.2025 तक | 21-अक्टूबर-2025 को 02:00 बजे अप. पर पूर्व अनुमति सहित | रु. 4,37,000 | रु. 43,700/- | 29-अक्टूबर-2025, 01.00 बजे अप. से 2.00 बजे अप. | 28-अक्टूबर-2025 को 04:00 बजे अप. तक | ईएमडी उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक के पक्ष में कोटा शाखा में देय डिमांड ड्राफ्ट के माध्यम से जमा की जानी है या आरटीजीएस/एनईएफटी/आईएमपीएस के माध्यम से खाता संख्या 22011013462001, आईएफएससी UJVN0002201 पर भेजी जानी है |
| पट्टा संख्या 5413, गाँव महरमपुरा, तहसील बूंदी, राजस्थान में स्थित आवासीय संपत्ति की भूमि और भवन का समस्त भाग, क्षेत्रफल 765 वर्ग फुट, भवन, संरचनाएँ और उन पर किए गए सभी सुधारों सहित<br>सीमाएँ: सीमाएँ: पूर्वः रामहेत पुत्र छोटू का मकान, पश्चिमः सड़क,<br>उत्तरः श्रीमती सुमन पत्नी रामसहाय का मकान, दक्षिणः बरसराम पुत्र भंवर लाई की भूमि | | | | | | | | | | | |
| 8. | 2232762 0000000 8 | 1. श्री मोहम्मद रफीक पुत्र जहूर मोहम्मद 2. श्रीमती मोबीना बानो पत्नी मोहम्मद रफीक | 20.07.2021 रु. 6,92,564/- | 26.09.2023 | रु. 13,39,019.35/- तिथि 14.09.2025 तक | 21-अक्टूबर-2025 को 02:00 बजे अप. पर पूर्व अनुमति सहित | रु. 6,68,000/- | रु. 66,800/- | 29-अक्टूबर-2025, 11.00 बजे पूर्वा. से 12.00 बजे अप. | 28-अक्टूबर-2025 को 04:00 बजे अप. तक | ईएमडी उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक के पक्ष में जोधपुर शाखा में देय डिमांड ड्राफ्ट के माध्यम से जमा की जानी है या आरटीजीएस/एनईएफटी/आईएमपीएस के माध्यम से खाता संख्या 22011013462001 आईएफएससी UJVN0002201 पर भेजी जानी है |
| फ्लैट संख्या एच 77/01 की भूमि और भवन का समस्त भाग, भूतल, क्षेत्रफल 395 वर्ग फीट, प्लॉट संख्या 25, 34, 35, 36, 42, 45, 46, 47, 48, 49, 50, 57, 58, 59, 60, 61, 62, 63, 64, 65, 66, 67, 68, 69, 70, 71, 72, 73, 74, 75, 76, 77, 78 खसरा संख्या 177, 179/2, से 179/13, 59, 59/1, 59/2, 61, 61/1, 61/2, 63, 63/1, 63/2, गांव तनावड़ा और भाकरासनी, तहसील लूणी, जिला जोधपुर-राजस्थान<br>सीमाएं: पूर्वः प्लॉट संख्या 64, पश्चिमः रास्ता 30 फीट, उत्तरः प्लॉट संख्या 76, दक्षिणः प्लॉट संख्या 78 | | | | | | | | | | | |

**नियम एवं शर्तें :**

ई-नीलामी ''**जहां है जैसे है**'', ''**जो है यही है**'' **तथा** ''**जो कुछ भी है वहीं है**'' आधार पर आयोजित की जायेगी।

1. प्राधिकृत अधिकारी के सर्वोत्तम ज्ञान और सूचना के अनुसार, किसी भी संपत्ति पर कोई ऋणभार नहीं है। हालांकि, इच्छुक बोलीदाताओं को अपनी बोली प्रस्तुत करने से पहले, ऋणभार, नीलामी के लिए रखी गई संपत्तियों के स्वामित्व और संपत्ति को प्रभावित करने वाले दावों/अधिकारों/देयताओं के संबंध में अपनी स्वतंत्र पूछताछ करनी चाहिए। ई-नीलामी विज्ञापन से बैंक की कोई प्रतिबद्धता या कोई प्रतिनिधित्व नहीं बनता है और न ही यह माना जाएगा। संपत्ति को बैंक को ज्ञात या अज्ञात सभी मौजूदा और भावी ऋणभारों के साथ बेचा जा रहा है। अधिकृत अधिकारी/सिक्योर्ड क्रेडिटर किसी भी तीसरे पक्ष के दावों/अधिकारों/देयताओं के लिए किसी भी तरह से जिम्मेदार नहीं होगा।
2. बोली प्रस्तुत करने से पहले संपत्ति और विशिष्टताओं के बारे में निरीक्षण और स्वयं को संतुष्ट करने की जिम्मेदारी बोलीदाताओं की होगी। नीलामी के लिए रखी गई संपत्ति/यों का निरीक्षण इच्छुक बोलीदाताओं को प्रत्येक संपत्ति विवरण के सामने उल्लेखित साइटों पर करने की अनुमति दी जाएगी।
3. इच्छुक बोलीदाताओं को अपनी बोली ऊपर उल्लिखित नीलामी की तारीख पूर्व अधोहस्ताक्षरित प्राधिकृत अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत करनी होगी।
4. ई-नीलामी यूइवन स्मॉल फाइनेंस बैंक द्वारा संचालित ई-नीलामी सेवा प्रदाता मेसर्स सी1 इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के माध्यम से आयोजित की जाएगी। संपर्क व्यक्ति - प्रभाकरन (मोबाइल नंबर 7418281709)। इच्छुक बोलीदाताओं को वेबसाइट पर संपत्तियों के विवरण के लिए **https://www.bankeauctions.com** या **https://www.ujjivansfb.in/e-auctions** पर जाने की सलाह दी जाती है और बोली में भाग लेने के लिए उन्हें पोर्टल **https://www.bankeauctions.com** पर अपना नाम पंजीकृत करना चाहिए और अपनी यूजर आईडी और पासवर्ड निःशुल्क प्राप्त करना चाहिए। संभावित बोलीदाता सेवा प्रदाता मेसर्स सी1 इंडिया प्राइवेट लिमिटेड से हेल्पलाइन नं. 7291918824,25,26, सपोर्ट ई-मेल आईडीः- **support@bankeauctions.com** नीलामी पोर्टल - **https://www.bankeauctions.com** पर ऑनलाइन प्रशिक्षण का लाभ उठा सकते हैं।
5. संपत्ति सबसे अधिक बोली लगाने वाले/प्रस्तावित व्यक्ति को बेची जाएगी, बशर्ते कि प्रतिभूत लेनदार, यानी उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड द्वारा बोली स्वीकार कर ली जाए। हालांकि, यदि आवश्यक समझा जाए तो अधोहस्ताक्षरी के पास परस्पर बोली लगाने की अनुमति देने का पूर्ण विवेकाधिकार है। प्राधिकृत अधिकारी के पास बिना कोई कारण बताए किसी भी प्रस्ताव/निविदा को स्वीकार या अस्वीकार करने का विवेकाधिकार है।
6. सफल बोलीदाता की जमा धरोहर राशि (ईएमडी) आंशिक बिक्री प्रतिफल के रूप में रखी जाएगी तथा असफल बोलीदाताओं की ईएमडी वापस कर दी जाएगी। बयाना राशि पर कोई ब्याज नहीं लगेगा। सफल बोलीदाता को प्राधिकृत अधिकारी द्वारा बोली मूल्य स्वीकार किए जाने के 24 घंटे के भीतर बिक्री मूल्य का 25% जमा करना होगा, जिसमें पहले से भुगतान की गई ईएमडी समायोजित की जाएगी तथा बिक्री मूल्य का शेष 75% बिक्री के 15वें दिन या उससे पहले या किसी भी मामले में प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिखित रूप में सहमत 3 महीने से अधिक नहीं, की विस्तारित अवधि के भीतर जमा करना होगा। सफल बोलीदाता द्वारा भुगतान में चूक की स्थिति में, प्रस्तावी द्वारा पहले से जमा की गई राशि जब्त कर ली जाएगी तथा संपत्ति की पुनः नीलामी की जाएगी तथा डिफॉल्टर क्रेता के पास संपत्ति/राशि के संबंध में कोई दावा/अधिकार नहीं होगा।
7. प्रकाशन अप्रत्याशित घटना खंड के अधीन है।
8. बोलीदाताओं को अपने हित में अंतिम क्षण में बोली लगाने से बचना चाहिए क्योंकि न तो उज्जीवन लघु वित्त बैंक और न ही सेवा प्रदाता किसी चूक/विफलता (इंटीमेट विफलता/बिजली विफलता आदि) के लिए जिम्मेदार होगा, ऐसी आकस्मिक स्थितियों से बचने के लिए बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे सभी आवश्यक व्यवस्थाएं/विकल्प जैसे बिजली आपूर्ति बैक-अप आदि कर लें, ताकि वे ऐसी स्थिति से बच सकें और नीलामी में सफलतापूर्वक भाग ले सकें।
9. यह बंधक संपत्तियों की बिक्री के लिए निर्धारित सार्वजनिक नीलामी के बारे में उपरोक्त नामित कर्जदारो/गारंटरों/बंधककर्ताओं के लिए भी एक सूचना है।

**दिनांक : 07.10.2025 स्थान: राजस्थान**

**प्राधिकृत अधिकारी, उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक**